दिनांक 11.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ शहर में बारिश मानसुन को देखते हुए आयुक्त के0एल0 चौहान ने स्ट्रीट लाईट संधारण एवं निदान 1100 में मिल रही शिकायतों को निराकरण करने हेतु सभी जोन आयुक्तों को 10,000.00 रुपये की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रति माह विद्युत व अन्य आवश्यक कार्यों हेतु 2 लाख की राशि स्वीकृत की है। जिसमें रोजमर्रा के आवश्यक कार्यों को जोन स्तर पर निराकृत कर सकें पूर्व में यह राशि 5,000.00 थी।

बारिश में स्ट्रीट लाईट संधारण एवं नए एल.ई.डी. लाईट में परिवर्तन करने के कार्य के बीच में व्यवधान न हो। इसको देखते हुए आयुक्त ने जोन अधिकारियों की वित्तीय सीमा में वृद्धि की है। ताकि संधारण कार्य व शिकायतों का निराकरण शीघ्रता से किया जा सके।

आयुक्त द्वारा जन समस्याओं के निराकरण के लिए जोन कार्यालय को वित्तीय व प्रशासनिक रुप से सक्षम करने के लिए क्रमशः अधिकारों को प्रत्यारोपण कर रहें हैं ताकि नागरिकों के कार्य जोन स्तर पर हो जाये, बार–बार मुख्यालय आना न पड़े। आयुक्त के प्रयास से शिकायतों का निराकरण शीघ्रता से होगा।

जनसम्पर्क अधिकारी